आज का सुविचार
मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 62 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## अगर पुलिस FIR दर्ज करने से मना करे तब पीड़ित व्यक्ति कहा शिकायत कर सकते हैं जानिए -

जब कोई व्यक्ति संज्ञेय अपराध से पीड़ित हैं और वह इस अपराध की शिकायत नजदीक पुलिस थाने में करने जाता है पर पुलिस थाना प्रभारी उसकी शिकायत को पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी संज्ञान नहीं लेता है एवं एफआईआर दर्ज नहीं करता है तब पीड़ित व्यक्ति कहा अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं जानिए-



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

(1) पुलिस अधीक्षक (SP) या उच्च अधिकारियों से शिकायत करें:-

BNSS की धारा 173 (4) के तहत, यदि थाना प्रभारी FIR दर्ज नहीं करता, तो पीड़ित व्यक्ति पुलिस अधीक्षक (SP) या उप-महानिरीक्षक (DIG) को लिखित शिकायत दे सकता है। SP को मामला सही लगने पर FIR दर्ज करने और जांच के आदेश देने की शक्ति होती है।

**नोट**- अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सदस्यों की एफआईआर थाना प्रभारी दर्ज नहीं करता है तब वह राज्य अनुसूचित जाति आयोग एवं जनजाति आयोग में आपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

**(2) मजिस्ट्रेट के समक्ष अर्जी दाखिल करें:-**

अगर पुलिस FIR दर्ज नहीं कर रही है, तो पीड़ित न्यायिक मजिस्ट्रेट (Judicial Magistrate) की अदालत में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 175 (3) के तहत आवेदन कर सकता है जिसे परिवाद भी कहते हैं।

मजिस्ट्रेट पुलिस को FIR दर्ज करने का आदेश दे सकता है।

**(3) हाईकोर्ट में रिट पेटीशन दाखिल करें-**

* अगर स्थानीय पुलिस और मजिस्ट्रेट से न्याय नहीं मिलता, तो संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट में रिट पेटीशन दाखिल कर सकते हैं।

* हाईकोर्ट पुलिस को FIR दर्ज करने और जांच करने का निर्देश दे सकता है।

(4) मानवाधिकार आयोग या लोकपाल में शिकायत करें -

* अगर पुलिस जानबूझकर FIR दर्ज नहीं कर रही है और पीड़ित के साथ अन्याय हो रहा है, तो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC), राज्य मानवाधिकार आयोग, लोकपाल या पुलिस शिकायत प्राधिकरण में शिकायत की जा सकती है।

# 5800 करोड़ रूपए लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

## मध्यप्रदेश में दिखती हैं विकास की ललक : केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी



भोपाल। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। म.प्र. में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है।

## गुना के ग्राम कंजा में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में हुआ कलश पूजन एवं भूमि-पूजन

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को गुना जिले की ग्राम पंचायत पुरैनी अंतर्गत ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर बालिकाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर यात्रा निकाली। मंत्री श्री पटेल ने सभी बालिकाओं का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए। इसके बाद उन्होंने कूनो नदी के उद्गम स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद करते हुए इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी ली।

## निमाड़ क्षेत्र का पहला 500 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

भोपाल। मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में निमाड़ क्षेत्र का पहला और प्रदेश का तीसरा 500 एम.व्ही.ए. क्षमता का पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है। इसके पहले मध्यप्रदेश में सिर्फ भोपाल में 500 एम.व्ही.ए. क्षमता के दो ट्रांसफार्मर स्थापित हुए हैं। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि खंडवा स्थित सिंगाजी सुपर थर्मल पॉवर प्लांट से निमाड़ क्षेत्र को सीधे विद्युत आपूर्ति के लिए 400 केवी सबस्टेशन जुलवानिया में इस ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की गई है।

## क्या संन्यास लेना तलाक का आधार हो सकता है जानिए/Hindu Marriage Act 1955..

हिन्दू संस्कृति के अंतर्गत मानव जीवन के चार आश्रम माने गए है, जिनमे संन्यास आश्रम भी है। हिन्दू धर्म के अनुसार प्रत्येक हिन्दू को वृध्दावस्था में संन्यास आश्रम में प्रवेश करना होता है। इस1आश्रम में एक निश्चित संस्कार को पूरा करते हुए प्रवेश करना होता है। संन्यास आश्रम में प्रवेश करना यह नहीं है कि उसने संसार त्याग दिया हैं, बल्कि इसके लिए गृहस्थ जीवन का त्याग करना भी आवश्यक हैं। हिन्दू धर्म के अनुसार संन्यास सिर्फ वृध्दावस्था में ही लिया जा सकता है, लेकिन यदि कोई व्यक्ति युवावस्था में भी संन्यास धारण कर लेता है तो वह अवैध नहीं माना जायेगा अर्थात वह हिन्दू धर्म के विपरीत नहीं होगा। संन्यास विवाह-विच्छेद का आधार कब होगा जानिए।

**हिन्दू विवाह अधिनियम,1955 की धारा 13(1)(1i) की परिभाषा**- अगर कोई व्यक्ति किसी धार्मिक आश्रम में प्रवेश करते हुए संन्यास धारा कर लेता है तब वह विवाह-विच्छेद(तलाक) का आठवाँ आधार हो सकता है।

**इस आधार के लिए दो शर्तें होना अतिआवश्यक हैं-**

* यह कि व्यक्ति ने घर, परिवार सभी को पूर्ण रूप से त्याग दिया हो।

* व्यक्ति ने किसी धार्मिक आश्रम में किसी रीति या कर्मकांडों से प्रवेश कर लिया हो।

उधारानुसार- एक व्यक्ति जो पुजारी बन जाता हैं, फिर भी वह गृहस्था में भी बना रहता है। वह विवाह-विच्छेद(तालक) का आधार नहीं माना जायेगा क्योंकि उसने संन्यास नहीं लिया है वह अभी भी गृहस्था में बना हुआ है। अगर वह गृहस्था को पूर्ण रूप से छोड़ देता है तब वह तलाक का आठवां आधार होगा।

**- लेखक बी.आर. अहिरवार(पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

# समय के साथ माँ-बाबा का लौटता बचपन



**डॉ सत्यम चंसोरिया**

मैंने देखा है माँ बाबा को बच्चा बनते हुए,
धीरे धीरे क़दमों से श्रद्धा और विश्वास को चलते हुए।

जिनकी गोद में मेरे हर सवाल का समाधान हो जाता था,
आज उनके सवाल हर पल आते है।

कल जिन्होंने मुझे शब्द सिखाए थे बोलना,
आज मैं सीख रहा हूँ उन्हें चुप्पी में समझना।

मैंने देखा है माँ बाबा को फिर से शिशु बनते हुए,
समय के पन्नों में धीरे-धीरे सिमटते हुए।

मैंने देखा है माँ-बाबा को बच्चा बनते हुए,
अनुभव में सजी कहानियाँ के साथ , धीमे क़दमों से बचपन चलते हुए।

कभी सोचता हूँ सब काम छोड़कर बस माँ-बाबा के साथ रहूँ,
मन कहता है थाम लूँ ये पल, कहीं ये ना छूट जाए,

चाहता हूँ कि ये समय यहीं रुक जाए,
ना आगे बढ़े, ना पीछे जाए, बस थम जाए।

वही बचपन लौट आए,
जहाँ बाबा के काम से लौटने का इंतज़ार रहता था।

माँ की चुप्पी में ढूंढता हूँ वो मीठी डांट,
जो कभी देर से घर आने पर मिलती थी अनायास।

अब वो नहीं डांटती, बस देखती हैं दूर कहीं,
जैसे कह रही हों — बेटा, अब तू बड़ा हो गया है।

मैंने देखा है माँ बाबा को बच्चा बनते हुए,
धीरे धीरे क़दमों से श्रद्धा और विश्वास को चलते हुए।

# बाबा साहब की 134वीं जयंती पर जिला स्तरीय आयोजन – सभी सामाजिक बंधुओं से शामिल होने की अपील

**हल्केवीर सूर्यवंशी**
**संभागीय संवाददाता**



उदयपुरा (जिला रायसेन, मप्र)। भारतीय संविधान के निर्माता, वंचितों के महीसा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती का पखवाड़ा बड़े ही धूमधाम और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एक विशाल जन आंदोलन जो कि रैली के रूप में नगर के मुख्य मार्गो से होकर गांधी ज़बूतरा पर समाप्त होगी एवं जनसभा का जिला स्तरीय आयोजन किया जा रहा है, जिसका आवाहन सभी मुख्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एकता, संविधान के मूल्यों की रक्षा और बाबा साहब के विचारों का प्रसार करना है। सभी अंबेडकरवादी अनुयायियों एवं संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

**कार्यक्रम विवरण**

**तिथि**- रविवार, 20 अप्रैल 2025, दिन रविवार

**समय**- प्रात: 10: 00 बजे से

स्थान- गांधी चबूतरा, उदयपुरा, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश

कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, आरक्षण सुरक्षा, शिक्षा, समानता एवं अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। आयोजकों द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाएं और बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। अपील कर्ताओं में रमन बामने जी वरिष्ठ समाजसेवी, बालकिशन नरवरिया जी, दीनदयाल नरवरिया, मन्नू लाल चौधरी जी, कमलेश ठेकेदार, घनश्याम अहिरवार , नारायण अहिरवार, नीलेश परिहार, हेमराज अहिरवार एवं हल्केवीर सूर्यवंशी सभी वरिष्ठ एवं युवाओं ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।








आंदोलन चलत हे बोधगया मा,
तैं थाइलैंड के विहार मा जाथस।
इहां के बुद्धिस्ट ला पीरा देके,
उहां के बुद्ध ला माथ नवाथस।।
घर मा बइठे हे नाग देवता,
बाहिर मा भिंभोरा पूजत हस।
बुद्ध के धरती ले आए हों कहि के,
जग भर ढिंढोरा पीटत हस।।
**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग (छ०ग०)**




# अनूपपुर जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)



कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ एनकोर्ड के तहत दिए गए गाइडलाइन के पालन हेतु तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग को रोकने हेतु एवं मेडिकल स्टोर्स के नियमानुसार सुचारु रूप से संचालन हेतु जिले में मेडिकल स्टोर्स का सतत् रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में विभिन्न अनियमितताएं पाई गई। इस हेतु संबंधित मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के नियम 66 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में संचालकों को कहा गया है कि तीन दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। समय सीमा में नियमानुसार जवाब प्रस्तुत न करने पर ड्रग लाइसेंस निरस्त/निलंबन की प्रक्रिया की जावेगी।

# अनूपपुर जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

## 3 दिवस का दिया अल्टीमेटम, नहीं तो होगा कलेक्ट्रेट घेराव

कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)



युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ दिनांक 9/04/2025 को कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर पहुंचे और जिले में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के संबंध में 7 बिंदुओं का एक ज्ञापन कलेक्टर अनूपपुर को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार अनूपपुर जिले के नवगठित नगर परिषद बनगवां, डोला, डूमरकछार में हुये फर्जी संविलियन भर्ती घोटाला, बढते अवैध उत्खनन, रेत ठेकेदारों की मनमानी एवं पेशा एक्ट को पालन न करना, बढ़ती अवैध शराब बिक्री एवं गांव-गांव पैकारी, जिले भर में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था, जिला मुख्यालय अनूपपुर धीमी गति से निर्माणाधीन ओव्हर ब्रिज, एस.ई.सी.एल. में ठेका कम्पनियों एवं जे.एम.एस. जैसे निजी कोयला खदानों की मनमानी भूमि स्वामियों को उचित मुआवजा न देना, भूमि अधिग्रहित किये बिना कोयला खनन् करना, स्थानीय युवाओं को रोजगार न देना, अनूपपुर जिले में नल-जल योजना में हो रहे भारी भ्रष्टाचार पर रोक एवं उसकी जांच, आजादी के इतने साल बाद कथित अमृतकाल के दौर में भी जिले के कई गावों का विद्युतविहीन होने जैसे समस्त मुद्दो को लेकर जिला युवा कांग्रेस अनूपपुर द्वारा जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में दिनांक 9/04/2025 कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर पहुंच एक ज्ञापन सौंपा गया।

# बस और ऑटो की टक्कर से दुर्घटना में घायल मरीजो से जिला अस्पताल पहुंच कलेक्टर व एसपी ने जानी कुशलक्षेम

- चिकित्सा अधिकारियों को घायल मरीजों को बेहतर उपचार मुहैया कराने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने दुर्घटनाग्रस्त लोगों को तात्कालिक सहायता के लिए रेडक्रॉस मद से उपलब्ध कराई राशि

कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )

अनूपपुर - अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम-अमरकंटक मार्ग स्थित किरर घाट के पास बस एवं ऑटो के आपसी भिड़ंत में 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हुई है, प्रशासन की तत्परता से दुर्घटना में घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाकर उपचार प्रारंभ किया गया। जहां कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान ने तत्काल पहुंच मरीजों एवं उनके परिजनों के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता दिखाते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



इस दौरान कलेक्टर ने घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा चिकित्सकीय और पैरामेडिकल स्टाफ को मौके पर दिये। कलेक्टर ने अधिकारियों को मृतकों एवं घायल मरीजों के परिजनों को शासन द्वारा निर्धारित सहायता राशि दिलाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर मृतकों एवं घायलों के परिजनों को रेडक्रास मद से तात्कालिक सहायता राशि भी प्रदान की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.सी. राय, तहसीलदार श्री अनुपम पाण्डेय, थाना प्रभारी कोतवाली श्री अरविन्द जैन सहित प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# डूमरकछार एवं अमरकंटक में जल स्त्रोतों की साफ सफाई का किया जा रहा है कार्य



कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )

अनूपपुर - जल गंगा संवर्धन अभियान में जल-स्त्रोतों के संरक्षण और साफ-सफाई को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अनूपपुर जिले में कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु कार्य किया जा रहा है। अभियान में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, अधिकारी एवं ग्रामीण बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभा रहे हैं तथा नदी, तालाब, बावड़ी इत्यादि के आस पास सफाई करके स्वच्छ एवं सुंदर बनाये रखने का संकल्प लिया जा रहा है। जिले में सभी नगर पालिका एवं जनपद पंचायतों द्वारा अपने-अपने स्तर पर अभियान संबंधी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में नगर परिषद डूमरकछार के स्टॉप डैम की साफ सफाई के साथ ही गाद निकालने का कार्य भी किया जा रहा है, जिससे स्टॉप डैम में वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण हो सके तथा भविष्य में जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसी प्रकार अमरकंटक के रामघाट शबरी माता मंदिर के आसपास के कचरे तथा जलीय खरपतवार की साफ सफाई का कार्य श्रमदान के माध्यम से किया जा रहा है। यह कार्य जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय के अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों तथा आमजन के सहयोग से किया जा रहा है। इस दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान में आम जनों को सहभागिता करने का भी संदेश दिया जा रहा है।

# चीतों को पानी पिलाते हुए वीडियो वायरल करने का मामला, नियम विरुद्ध होने पर वन विभाग द्वारा कार्यवाही

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

कूनों में चितों को पानी पिलाने वाली वीडियो वायरल होने की खबर है। इस वीडियो में कुछ लोग कूनों में चितों को पानी पिलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। यह वीडियो कूनों के एक वन्यजीव अभयारण्य में शूट किया गया है, जहां चीतों को पानी पिलाया जा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद, लोगों ने इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। वीडियो वायरल होने पर फील्ड स्टाफ पर होगी कार्रवाई होने की भी ख़बर है ।कूनो आगरा रेंज की सीमा के पास मानव बस्ती के करीब कृषि क्षेत्र में घूम रहे चीता ज्वाला और उसके 4 शावक के नजदीक जाकर पानी पिलाने और उसका वीडियो वायरल




करने पर फील्ड स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।वन विभाग द्वारा जानकारी दी गयी कि सामान्य तौर पर निगरानी टीम को निर्देश दिये गये हैं कि जब भी ऐसी स्थिति उत्पन्न हो तो चीता को जंगल की ओर वापस मोड़ने एवं लुभाने के प्रयास किये जायें, जिससे मानव-चीता संघर्ष की स्थिति न बने। साथ ही जब भी चीता कृषि क्षेत्र में या मानव बस्ती के करीब जाता है, ऐसी स्थिति में संबंधित रेंज से अतिरिक्त स्टाफ बुलाया जाता है। इस प्रकरण में भी आगरा रेंज से अतिरिक्त फील्ड स्टाफ बुलाया गया था। वन विभाग की ड्यूटी के लिये आगरा रेंज के कूनो डब्ल्यूएलडी में रखे गये वाहन चालक ने ज्वाला और उसके 4 शावकों को स्टील के कटोरे में पानी पिलाया, जबकि ऐसी स्थिति में दूर रहने के स्पष्?ट निर्देश हैं और निगरानी दल को चीतों को नजदीक से संभालने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। केवल अधिकृत कर्मचारी ही किसी विशेष कार्य के लिये चीते के नजदीक जा सकता है। इस घटना में फील्ड स्टाफ ने निर्देशों का उल्लंघन किया और अनुशासनहीनता दिखायी। साथ ही अनुशासन और निर्देश की अवहेलना करते हुए वीडियो बनाकर वायरल किया गया। इस कारण कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# अशासकीय स्कूलों के लिये कलेक्टर ने गठित की समिति अब निजी स्कूल अभिभावकों पर नहीं डाल सकेंगे अनावश्यक दबाव

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने स्कूल प्रबंधन और प्राचार्यों द्वारा अभिभावकों पर यूनिफॉर्म और पुस्तक खरीदने के लिए अनावश्यक दबाव डालने की समस्या का समाधान करने के लिए एक समिति का गठन किया है। इस समिति के माध्यम से अभिभावक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार भोपाल जिला अन्तर्गत अशासकीय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्यो द्वारा अभिभावक को दुकान विशेष निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों एवं अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनीफार्म कय करने के लिए अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किये जाने के संबंध में मीडिया अन्य माध्यमो से प्राप्त सूचनाओ के सन्दर्भ में निरीक्षण के लिए निरीक्षण दल गठित किया गया है। जारी आदेश अनुसार यह दल विभिन्न क्षेत्रों में स्कूलों का औचक निरीक्षण करेगा। निरीक्षण दल अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेगा एवं प्रतिदिन की कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करायेगे। यह दल आकस्मिक रूप से स्थल निरीक्षण करने के साथ मान्यता अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अनुसार संबंधित



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला भोपाल

क्रमांक / /अजिद/एसटी/2025/3668 भोपाल, दिनांक 8-4-2025

//संशोधित आदेश//

मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल के पत्र कमांक/550/744/2018/20-3 भोपाल दिनांक 01.04.2024 के परिपालन में भोपाल जिला अन्तर्गत अशासकीय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्यो द्वारा अभिभावक को दुकान विशेष/निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को दुकान विशेष/निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनीफार्म कय करने हेतु अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किये जाने के संबंध में मीडिया/अन्य माध्यमो से प्राप्त सूचनाओ के सन्दर्भ में निरीक्षण हेतु निम्नाकित निरीक्षण दल गठित किया जाता है।

| कमांक | निरीक्षण दल प्रभारी | निरीक्षण दल सदस्य |
|---|---|---|
| 1. | श्री लक्ष्मीकान्त खरे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एम.पी.नगर भोपाल। 9425442444 | 1. श्री आलोक पारे तहसीलदार एम.पी.नगर भोपाल । 9425608042<br>2. श्री एस.के.खाण्डेकर प्राचार्य शास.बालक उ.मा.वि. स्टेशन क्षेत्र भोपाल । 9981260348<br>3. श्रीमती वंदना शुक्ला, प्राचार्य शास.कन्या उ.मा.वि. तुलसी नगर भोपाल। 9827243668<br>4. श्रीमती नूतन सक्सेना, प्राचार्य शास.हाईस्कूल राजीव नगर माचना कालोनी भोपाल । 9826454558 |
| 2. | श्रीमती अर्चना शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी.टी..नगर भोपाल। 9719952509 | 1. श्री कुणाल राउत, तहसीलदार टी.टी..नगर भोपाल । 9685367657<br>2. श्री अभिषेक बैंस, प्राचार्य शास.नूतन सुभाष उ.मा.वि. भोपाल। 9893040468<br>3. श्रीमती सरला कश्यप, प्राचार्य शास.बालक उ.मा.वि. गिन्नोरी भोपाल । 9993153246<br>4. श्रीमती सरिता यादव, प्र.प्राचार्य शास. उ.मा.वि. कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल । 9755622350 |
| 3. | श्री रविशंकर राय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोलार रोड भोपाल। 9425705121 | 1. श्री सी.पी.ताम्रकार, तहसीलदार कोलार रोड भोपाल। 9340926905<br>2. श्री आर.के.यादव, प्राचार्य शासकीय कन्या उ.मा.वि. जहांगीराबाद भोपाल। 9893671694<br>3.डा.रंजू स्वामी, प्राचार्य शास.उ.मा.वि.चूनाभट्टी भोपाल। 9826888979<br>4. श्रीमती रूपाली रिछारिया बीआरसीसी फन्दा ग्रामीण भोपाल। 8770250642 |
| 4. | श्री दीपक पाण्डेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहर वृत्त भोपाल। 9425493767 | 1. श्री राम प्रकाश पाण्डे, तहसीलदार शहर वृत्त भोपाल। 9425342916<br>2. श्री एस.के.उपाध्याय, प्राचार्य शास.उ.मा.वि.आनन्द नगर भोपाल। 9425023826<br>3. श्री एस.एस.सिसोदिया प्राचार्य, शास.हाईस्कूल.सरदार पटेल भोपाल। 9425458319<br>4. श्री अमित श्रीवास्तव, बीआरसीसी नया शहर भोपाल। 9893060889 |
| 5. | श्री आदित्य जैन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैरागढ वृत्त भोपाल। 7999690382 | 1. श्री अशोक सिंह, तहसीलदार बैरागढ वृत्त भोपाल। 9926394614<br>2. श्रीमती अनामिका खरे, प्राचार्य शास.कन्या उ.मा.वि. हमीदिया कमांक-2 भोपाल। 7389199042<br>3. श्री राजेश गंगवार, प्र.प्राचार्य शास.बालक उ.मा.वि. बैरागढ भोपाल। 9981959482<br>4. सुश्री वेरोनिका मण्डल, प्राचार्य शास.उ.मा.वि.फन्दा भोपाल। 9893339148 |
| 6. | श्री रवीश श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोविन्दपुरा भोपाल। 9009249252 | 1. श्री दिलीप कुमार चौरसिया तहसीलदार गोविन्दपुरा भोपाल। 9329318596<br>2. श्री चकेश कुमार जैन, प्राचार्य शास.हाईस्कूल छोला भोपाल। 942537005<br>3. श्रीमती स्मिता मेश्राम, प्राचार्य शास.कन्या उ.मा.वि. बरखेडा भोपाल। 9131404809<br>4. श्री सुदेश कुमार शर्मा, प्राचार्य शास.हाईस्कूल रायपुर भोपाल। 9098050980 |
| 7. | श्री विनोद सोनकिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हुजूर भोपाल। 9425454387 | 1. श्री अनुराग त्रिपाठी, तहसीलदार हुजूर भोपाल। 7276785830<br>2. श्रीमती शशि सिंह, प्राचार्य शास.उ.मा.वि.रातीबढ भोपाल। 9827580908<br>3. श्री राजेश शर्मा, प्राचार्य शास.उ.मा.वि.मुगालिया छाप भोपाल। 9893158697<br>4. श्रीमती अमिता शर्मा, प्राचार्य शास.हाईस्कूल बरखेडा नाथू भोपाल। 9425688560 |
| 8. | श्री आशुतोष शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैरसिया भोपाल। 9893808000 | 1. सुश्री करूणा दण्डोतिया तहसीलदार बैरसिया भोपाल। 9467127616<br>2. श्री आर.एन.श्रीवास्त्री, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लाक बैरसिया भोपाल। 9981404215<br>3. श्रीमती गीता जोशी, प्राचार्य शास.कन्या उ.मा.वि. बैरसिया भोपाल। 9424441525<br>4. श्री ब्रजेन्द्र कुमार कटारे, प्राचार्य शास.हाईस्कूल जमूसर कलां बैरसिया भोपाल। 9713679192 |

Scanned with OKEN Scanner

उपरोक्तानुसार समिति अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेगी एवं प्रतिदिन की कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावेगें।

– यह दल आकस्मिक रूप से स्थल निरीक्षण करने के साथ मान्यता अधिनियम 2017 एवं नियम 2020 के अनुसार संबंधित विद्यालय के विरूद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित किये जाने हेतु एवं मध्य प्रदेश निजि विद्यालय फीस अधिनियम 2020 के अंतर्गत वर्ष 2023-2024, 2024-2025 एवं 2025-2026 फीस की जानकारी प्राप्त करेगी एवं पुस्तकों के आईएसबीएन नम्बरों की पुष्टि कर कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

(कौशलेन्द्र विक्रम सिंह)
कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट
जिला भोपाल

विद्यालय के विरूद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित किये जाने हेतु एवं मध्य प्रदेश निजि विद्यालय फीस अधिनियम 2020 के अंतर्गत वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 फीस की जानकारी प्राप्त करेगी एवं पुस्तकों के आईएसबीएन नम्बरों की पुष्टि कर कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

# विश्व नवकार महामन्त्र दिवस पर रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री हुए शामिल

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पावन एवं शक्तिशाली मंत्र है, जो विनम्रता, अहिंसा, भाईचारे और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। यह मंत्र न केवल मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन का माध्यम है, बल्कि विश्व में सद्भाव और शांति की स्थापना का प्रभावी सूत्र भी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्व नवकार महामन्त्र दिवस पर रवीन्द्र भवन भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में मुनिश्री आचार्य प्रमाण सागर जी महाराज एवं अन्य आचार्य गण से आशीर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत आज आध्यात्मिक पुनरुत्थान और सांस्कृतिक जागरण की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। भारत की आत्मा उसकी अध्यात्म-समृद्ध परंपरा में निहित है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से हम उस आत्मा को पुन: जाग्रत करने का कार्य कर रहे हैं।

# पूरे भोपाल जिले में तीस जून तक निजी बोरिंग पर प्रतिबंध , पेयजल संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत आदेश जारी

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**

भोपाल जिले में कृषि एवं व्यावसायिक कार्य हेतु भू-जल स्त्रोतो का अतिदोहन होने से पेयजल स्त्रोतो नलकूपों का जल स्तर तेजी से गिर रहा है। गिरते भू-जल स्तर के कारण संपूर्ण जिले में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नये निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंधित करना आवश्यक है अन्यथा ग्रीष्मकाल मे जिले में गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधन अधिनियम 2002 (अधिनियम) प्रावधानों के तहत कौशलेन्द्र विक्रम सिंह



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जिला भोपाल ने अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत भोपाल जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को जल आभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है जिले में निरन्तर भू-जल की गिरावट को देखते हुए संम्पूर्ण जिले में अशासकीय व निजी नलकूप खनन करने पर एक अप्रेल से तीस मई तक प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के अंतर्गत सम्पूर्ण जिला भोपाल की राजस्व सीमाओं में नलकूप,बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के बिना न तो प्रवेश करेगी (सार्वजनिक सडको से गुजरने वाली मशीनों को छोडकर) और न ही बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन करेगी। संबंधित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों को ऐसी बोरिंग मशीन जो अवैध रुप से जिले में प्रतिबंधित स्थानों पर प्रवेश करेगी या नलकूप खनन का प्रयास करेगी उन मशीनों को जप्त कर संबंधित पुलिस थाने में एफ.आई.आर. दर्ज की जायेगी ।आदेश का उल्घन करने पर दो हजार रुपये के जुर्माने तथा दो वर्ष तक के कारावास या दोनों से दण्डित करने का प्रावधान है।इसमें शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किये जाने वाले नलकूप उत्खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा, तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्ययोजनांतर्गत नलकूप खनन का कार्य कराया जा सकेगा, इसके लिए अनुज्ञा प्राप्त करना आवश्यक नहीं होगा।नये किये गए बोरिंग निजी नलकूप एवं अन्य निजि जल स्त्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेय जल व्यवस्था हेतु अधिग्रहण किया जा सकेगा।

# पिकनिक मनाने गए कालरी अधिकारियों कि पानी डूबने से हुयी मौत।







राजू राय शहडोल

**बिजुरी।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्रांतर्गत हल्दीबाड़ी भूमिगत खदान में उप कॉलरी प्रबंधक एवं सहायक प्रबंधक के रूप में कार्यरत कॉलरी कर्मचारियों कि मौत, नहाने के दौरान उस वक्त हो गयी। जब दोनो कालरी अधिकारी पिकनिक मनाने अपने साथियों सहित अमृतधारा जलप्रपात पहुंचे थे। और नहाने के लिए नीचे गहरे पानी में चले गए। जहां दोनो कालरी अधिकारियों कि मौत डूबने से हो गयी।

**शहडोल एवं तेलंगाना के रहवासी थे कॉलरी अधिकारी-** प्राप्त जानकारी अनुसार हल्दीबाड़ी भूमिगत कोयला खदान में बतौर सहायक प्रबंधक एवं उप प्रबंधक के रूप में कार्य करने वाले अधिकारी शुभम मनहर (32) निवासी शहडोल एवं पृथ्वी शेट्टी (36) निवासी तेलंगाना मंगलवार 08 अप्रैल को कॉलरी इंजीनियर अमित यादव व अन्य 05 साथियों के साथ पडो़सी छत्तीसगढ़ राज्य के नागपुर क्षेत्र स्थित अमृतधारा जलप्रपात में पिकनिक मनाने पहुंचे थे। जहां शाम करीब 4 बजे वे जलप्रपात के नीचे हसदेव नदी में नहा रहे थे, उसी दौरान तीन लोग गहरे पानी में चले गए। जिसमें एक कर्मचारी किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आया, जबकि दो अन्य की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नागपुर चौकी क्षेत्र के पोड़ी थाना अंतर्गत चौकी प्रभारी शेष नारायण सिंह की टीम और एसईसीएल की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के दौरान शुभम मनहर और पृथ्वी शेट्टी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। लेकिन उनकी सांसें थम चुकी थीं। लिहाजा पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवा दिया गया।

**जलप्रपात के प्रतिबंधित क्षेत्र में नहा रहे थे कॉलरी अधिकारी-** ज्ञातव्य है कि अमृतधारा जलप्रपात के कुछ हिस्सों मे नहाने पर पूर्णत: प्रतिबंध के साथ प्रशासन द्वारा चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। किन्तु सुरक्षा और निगरानी के अभाव में लोग, उन्ही प्रतिबंधित क्षेत्र में उतरकर नहाने से परहेज नहीं करते। मंगलवार 08 अप्रैल कि शाम हुयी हादसा उसी सुरक्षा और निगरानी के अभाव का परिणाम है। जिसमें 02 कॉलरी अधिकारी काल के गाल में समा गए।

**काम के दौरान पिकनिक मनाना भी बना चर्चा का विषय-** कॉलरी से जुड़े सूत्रों एवं क्षेत्र में फैली जनचर्चाओं कि मानें तो अमृतधारा पिकनिक मनाने पहुंचे सभी 08 कॉलरी अधिकारी व कर्मचारी जिस वक्त अमृतधारा जलप्रपात पर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। उस दौरान वह सभी नौकरी काल पर थे। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब सभी कालरी अधिकारी/कर्मचारी नौकरी काल पर थे। उस समय पिकनिक स्थल पर वह कैसे पहुंच गए। क्या हल्दीबाडी भूमिगत कोयला खदान में शासन-प्रशासन का नियम कायदा महज शून्यता के शिखर पर विद्यमान है। जिससे कोई भी कामगार हाजिरी लगाकर कहीं भी घूमता-फिरता रहता है।

## जलसंरक्षण ग्रीष्मकाल के लिए पानी रोकने नाले पर किया बोरी बंधान

ज्ञान चन्द शर्मा

**बालाघाट।** विकासखंड कंटगी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यु बीएसडब्ल्यु छात्रो एव जल अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन सिमित आजनबिहारी व ग्रामीणजनो के संयुक्त तत्वावधान मे जल संरक्षण की दृष्टि से घोडेदेव नाले मे लगभग 180 बोरियो का बोरी बंधान कर जल संरक्षण एव संवर्धन संदेश दिया गया वही बंधान के बाद जल संरक्षण एंव संवर्धन के लिए संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र भगत ने कहा कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अध्ययनरत एमएसडब्लयू एव बीएमडब्ल्यू के छात्र छात्राओ के सामूहिक प्रयास से जल के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी कार्ययोजना तैयार कर उन्होने कहा कि हम सब ने पिछ्ले वर्ष भी आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर विकासखंड वारासिवनी एव कंटगी मे जल संरक्षण एव संवर्धन के लिए 75 स्थानो पर बोरी बंधान और सोखता गडे का निर्माण कर अपने स्थानो मे संगोष्ठी चौपाल बैठक रैली चर्चा और ग्रामीण लोगो को शपथ दिलाकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर संकल्प पूरा है इस वर्ष भी सभी परामर्शदाता नवाकर संस्थाओ के पदाधिकारी प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी एव मुख्य मंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य मे खातक और स्ताकोतर के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा यह संकल्प पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है।

## लालबर्रा पुलिस की कार्रवाई

### डेढ लाख कीमत के11नग मवेशी मुक्त कराए

ज्ञान चन्द शर्मा बालाघाट/युवा प्रदेश

पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह ने वंश तस्करी के मामलो को गंभीरता से लेकर पशु तस्करो के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने निदेशा दिए है इन निदेशो के पालन मे एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के निर्देशन मे थाना लालबर्रा पुलिस टीम ने 11 नग मवेशी बरामद कर पशु तस्करो के विरुद्ध कार्रवाई की है एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है वही एक आरोपी फरार है छविलाल पिता भागचंद नागेश्वर अमटोला को गिरफ्तार किया गया शंकर गढडा मोहल्ला लालबर्रा निवासी फरार है पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 30एव 31 मार्च की रात्रि मे सूचनाकर्ता गौ रक्षक गणेशा धामडे लालबर्रा की गौ तस्करी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए छिदल?ई से आरोपी दारा मवेशियो को कुरता पूर्वक मारते पीटते हुए कत्लखाने महाराष्ट्र ले जाते पकड़ा गया आरोपी के विरुद्ध धारा 4% 6,9 मप्र गौ वंशा वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 11,1डी पशुओ के प्रति कुरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है 11 गौवंश बैल को तस्करो के चंगल से मुक्त कराया गया चिकित्सीय परीक्षण करवाकर गौशाला दाखिल किया गया है

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

ज्ञान चन्द शर्मा /युवा प्रदेश बालाघाट वारासिवनी थाना पुलिस ने सड़क हादसे मे युवक की मौत के मामले मे मर्ग कायम किया है पुलिस ने बताया है कि राजेश पिता पतिराम टेकाम 36 वर्ष गटटा पायली निवासी की सड़क हादसे मे मौत हो गई है पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया है।

## हादसे के बाद क्या बेलगाम ओवरलोड तीन पहिया ऑटो पर क्या लगाम लगा पायेगा प्रशासन

### प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर





अनूपपुर। विगत दिनों किरर घाट पर हुये सड़क हादसे में तीन लोग काल के गाल में समा गये वही पांच लोग जिंदगी मौत से जूझ रहे है वही दूसरी ओर जिले भर में बगैर दस्तावेजों के बेलगाम दौड़ रहे तीन पहिया सवारी ऑटो जिसमे ठूस ठूस कर क्षमता से कई गुना ज्यादा सवारियों को बैठाकर लटकाकर उनके जान से खिलवाड़ किया जाता है जिनका कोई जांच परख न होना नियमों की अनदेखी के कारण आये दिन कोई ना दुर्घटना घटित होते रहता है। इन दिनों अनूपपुर जिले में तीन चकिया सवारी ऑटो की बाढ़ सी आ गई जिसमें मनमाने तरीके से नियमों को ताक में रख कर ऑटो चालक क्षमता से अधिक संख्या में सवारी बैठाना माल ढुलाई करना, बिना कागजों के सड़को में बेलगाम दौड़ना अब आम बात हो गई है जिस पर किसी भी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ती।

# मडानार के जंगल मे प्रकट हुआ शिवलिंग, ग्रामीणों में उत्साह

**दीप्ति बाजपेयी ( बस्तर छत्तीसगढ़ )।** जगदलपुर-कोंडागांव से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्रामपंचायत मडानार में एक अद्भुत घटना घटी है। ग्रामीणो ने बताया कि यहाँ के जंगल में 2024 को सावन के महीने में एक 6 वर्षीय बच्ची नन्दनी ठाकुर को शिवलिंग नाचता हुआ दिखाई दिया।दरअसल नन्दनी ठाकुर नाम की बच्ची और बच्ची की दादी व अन्य परिजन जंगल मे बोडा लेने गए थे तभी बच्ची को जंगल मे रोशनी सी दिखी और बच्ची ने बताया कि नन्दी में शिवलिंग नृत्य कर रहे तभी बच्ची ने अपने परिवारजनों को यह बात बताई, लेकिन किसी ने पहले विश्वास नहीं किया। जब परिवार के लोग उस स्थान पर गए, तो उन्होंने देखा कि वहाँ वास्तव में एक शिवलिंग और नन्दी मौजूद थे। इसके बाद इसकी जानकारी उन्होंने ग्रामवासियों को दी और ग्रामीणों ने फरसागुड़ा के पंडित घनश्याम को बुला कर शिवलिंग की विधिवत पूजा अर्चना की इसके बाद से आसपास के स्थानों से लोगो






का शिवलिंग के दर्शन हेतु आना शुरू हो गया और बहुत से वीडियो लोगो ने बना कर यूट्यूब पर अपलोड करने लगे है और यहां खबर काफी वायरल हो रही

**दूर-दूर से आ रहे लोग:** इस घटना के बाद से, मडानार के जंगल में स्थित शिवलिंग के दर्शन करने के लिए लोग दूर-दूर से आ रहे हैं। यहाँ स्थित मंदिर घने जंगलों के बीच गुफानुमा है और शिवरात्रि को यहाँ मेला भी लगता है। इस मेले में शामिल होने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं और भगवान शिव के दर्शन करने के लिए काफी भीड़ उमड़ पड़ती है।

**प्राकृतिक सुंदरता:** मडानार की प्राकृतिक सुंदरता इस स्थान को और भी आकर्षक बनाती है। यहाँ पहुँचने पर आपको कैलाश गुफा जैसा अनुभव होगा। जंगल के बीच स्थित यह मंदिर एक अद्वितीय और पवित्र स्थान है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**शिवरात्रि का मेला:** शिवरात्रि के अवसर पर यहाँ एक बड़ा मेला लगता है, जिसमें शामिल होने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। इस मेले में भगवान शिव के दर्शन करने के लिए काफी भीड़ उमड़ पड़ती है और लोग यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हैं। मडानार का यह शिवलिंग और मंदिर एक अद्वितीय और पवित्र स्थान है, जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। अगर आप भी भगवान शिव के दर्शन करना चाहते हैं और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेना चाहते हैं, तो मडानार जरूर आएं।

# यात्री बसों के तीव्र गति से चलाने व दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रख सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में कलेक्टर ने दिए आदेश




**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। अनुपपुर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हर्षल पंचोली ने जिले में यात्री बसों के तीव्र गति से चलाने व दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा उपायों के सम्बन्ध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार जिले में चलने वाली समस्त यात्री बसों में स्पीड गर्वनर का लगाना अनिवार्य होगा। स्पीड गर्वनर में उक्त यात्री बसों की अधिकतम गति 60 कि.मी. प्रति घण्टा से अधिक नहीं होनी चाहिए। यात्री बसों के सभी चालकों को मेडिकल की दृष्टि से फिट होना चाहिए तथा वाहन चालकों के लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण करने के समय उनके 60 वर्ष की आयु व चिकित्सा प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में विशेष ध्यान दिया जावे। आदेश में यह भी कहा गया है कि यात्री बस के सभी वाहन चालक अपने साथ लाइसेंस एवं चिकित्सा प्रमाण पत्र रखेगें तथा वाहन चालकों को शराब का सेवन कर यात्री बसों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यात्री बसों के चालक दृष्टिदोष कलर ब्लाइंडनेस न हो इस संबंध में नेत्र चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र वाहन चालक अपने साथ रखेगें। सभी यात्री वाहन के चालकों/परिचालकों को निर्धारित वर्दी में होना चाहिए। वाहन चालक को अपने साथ वाहन का वैध लाइसेंस, वैध पंजीयन, बीमा, फिटनेस परमिट, प्रदूषण से सम्बन्धित प्रमाण पत्र की प्रति रखना अनिवार्य होगा। सभी यात्री बसों में आपात कालीन द्वार चालू हों एवं वीएलटीडी तथा पैनिक बटन लगा होना अनिवार्य होगा। साथ ही सभी यात्री बसों में अग्नि शमन यंत्र की सुविधा अनिवार्य है।

सभी यात्री बसों में प्राथमिक उपचार वाक्स रखना अनिवार्य होगा। यात्री बसों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री एवं माल का परिवहन करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। समस्त यात्री वाहनों में रिफलेक्टरटेप बस के आगे-पीछे लगाना अनिवार्य होगा। उपरोक्त मापदण्डों के अनुसार जिले में यात्री बसों के संचालन हेतु कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी, पुलिस विभाग एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। वाहन स्वामी/वाहन चालकों द्वारा उपरोक्त मापदण्डों का उल्लंघन करने की स्थिति में म.प्र.शासन परिवहन विभाग मंत्रालय भोपाल के अधिसूचना दिनांक 06 मार्च 2023 एवं 08 मई 2023 के प्रावधानों के तहत प्रश्मन एवं नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# बर्ड फ्लू से हुई थी 150 कौआ की मौत, जांच में हुआ खुलासा, दहशत का माहौल, प्रशासन हुआ एलर्ट

## कैंम्प लगाकर 40 लोगों की स्क्रीनिंग नही मिला कोई भी संदिग्ध मरीज



शहडोल। जिले के झीक बिजुरी क्षेत्र के मैरटोला करौदी में बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही कौओं की मौत के मामले का खुलासा हो गया है। पशु एवं डेयरी विभाग द्वारा राज्य स्तर पर कराई गई जांच के बाद इसका कारण बर्ड फ्लू ( एच 5 एन 1 ) बीमारी का होना सामने आया है। इसके बाद एहतियात के तौर पर जिले का स्वास्थ्य अमला सतर्क हो गया है। इसकी जानकारी जिले के स्वास्थ्य विभाग तक पहुंची तो तत्काल ही इसके लिए एक चिकित्सीय टीम का गठन कर उसे प्रभावित क्षेत्र झींक बिजुरी के लिए रवाना कर दिया है। तीन सदस्यीय चिकित्सीय टीम में जिला महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर एसडी कंवर, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर अंशुमन सोनारे, डॉक्टर सचिन कार्खुर के अलावा स्वास्थ्य विभाग के मोहम्मद अशरफ शामिल हैं। उक्त टीम द्वारा झींक बिजुरी के बिजुरी टोला समेत अन्य मोहल्ले में कैम्प लगाकर अब स्थानीय ग्रामीणों की स्क्रीनिंग की जा रही है। यह सब कुछ एहतियात के तौर पर इसलिए किया जा रहा है कि कहीं कौओं के अंदर हुई इस बीमारी का फैलाव इंसानों तक तो किसी माध्यम से नहीं हुआ है। क्योंकि ऐसी बीमारी सामान्यतः पक्षियों में होती है। मुर्गा-मुर्गियों में भी इस बीमारी का प्रभाव होता है। इसलिए स्वास्थ्य अमला सजगता के साथ स्क्रीनिंग कार्य में लग गया है। साथ ही ग्रामीणों को बताया जा रहा है अगर कभी किसी इंसान के अंदर उक्त बीमारी का कोई असर होता है तो उसे लक्षण के जरिए आसानी से पहचाना जा सकता है। इससे प्रभावित व्यक्ति को बुखार, खांसी, गले व शरीर में दर्द होता है। सीएमएचओ डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि लेकिन इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

# मासूम बच्ची का बलात्कार और हत्या उसके चाचा ने किया था। शक में निर्दोष बौद्ध का घर जलाया।






**लक्ष्मी नारायण कुम्भकार सचेत दुर्ग ( छ0ग0 )**

**( दुर्ग छ0ग0 )** विगत रविवार 06 अप्रैल को दुर्ग नगर में पूरी मानवजाति को शर्मशार करने वाली घटना घटी है।बेहद निंदनीय इस घटाना ने एक ओर जहां चाचा -भतीजी के पवित्र रिश्ते को तार-तार कर दिया है वहीं अंधभक्तों की अविवेकी भीड़ ने भी कानून को अपने हाथ में लेकर एससी वर्ग के एक निर्दोष व्यक्ति को पूर्वाग्रह पूर्वक अफवाह फैलाकर उनके साथ मार-पीट करते हुए उनका पूरा घर और वाहनों को आग के हवाले कर दिया । 06 साल की नाबालिग लड़की के साथ हुए इस अपराधिक घटना से पूरा छत्तीसगढ़ आहत हुआ है वहीं दुर्ग नगर का बौद्ध समाज भी आक्रोशित हो गया है।

दरअसल मामला यह है कि हिन्दू नवरात्र पर्व का अंतिम दिन रविवार को था। इस दिन हिन्दू समाज के लोग नन्ही बालिकाओं को भोजन कराने के लिए अपने घरों में बुलाते हैं। मोहन नगर थाना एएसपी रघुनंदन राठौर के अनुसार इसी के चलते ओम नगर उरला वार्ड क्रमांक 58 में रहने वाला 24 वर्षीय एक यादव युवक ने अपने ही सगे बड़े भाई की 06 साल की बच्ची को कन्या भोज के बहाने सुबह 08 बजे बुलाकर अपने घर की छत पर ले गया और वहां उसके साथ हैवानियत करके उसका मुंह दबाकर हत्या कर दिया था।साथ ही उसके प्राइवेट पार्ट पर तेजाब डालकर जला भी दिया था।(समाचार लिखने में मेरा हांथ कांप रहा है)इसके बाद उस शैतान ने मृत बच्ची की लाश को दिन में ही पड़ोस में रहने वाले बादल मेश्राम की कार की डिक्की में रख दिया। रोते -बिखलते और किसी अनहोनी से आशंकित परिजनों ने मोहन नगर थाने में जाकर दिन के 02 बजे बच्ची की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई , इसी के पश्चात आरोपी यादव युवक ने स्वयं हल्ला मचाया कि बच्ची की लाश बादल मेश्राम की गाड़ी में है। बस क्या था, मुहल्ले की भीड़ जमा हो गई और बादल मेश्राम की पिटाई शुरू कर दिया। पुलिस के पहुंचने पर लाश और बादल को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दिया।

पुलिस के लौटते ही मुहल्ले के वार्ड पार्षद रेशमा सोनकर का पति गोलू सोनकर ने पुन: भीड़ जमा करके बाहर से आए हुए सब मराठियों को भगाना है। जैसे अनेक उत्तेजक और आपत्तिजनक अफवाह फैला कर भीड़ को उकसाया जिसके बाद भीड़ ने बादल मेश्राम की फोरव्हीलर ,कुछ दोपहिया वाहनों सहित उनका पूरा घर आग के हवाले कर दिया ।इस आगजनी में बादल की पूरी चल-अचल संपत्तियों का विनाश हो गया।

पुलिस ने संदेह के आधार पर बादल और उसके जीजा जी को अरेस्ट किया था लेकिन पुलिस को मामला कुछ अलग ही लगा और गहन जांच करने पर सबूत के साथ पता चल गया कि असली बलात्कारी और हत्यारा मृतिका बच्ची का सगा चाचा ही है।

बाद में पुलिस द्वारा निर्दोष बादल मेश्राम व अन्यों को छोड़ दिया गया।इस घटना पर पूरे छत्तीसगढ़ के अनेक संगठनों ने उस शैतान अपराधी को फांसी की सजा देने की मांग करने लगे।

दुर्ग नगर के यादव समाज के लोग भी अपने ही समाज के उस अपराधी को फांसी की सजा देने की मांग करके आंदोलन करने लगे।मुख्यमंत्री ने भी इस शर्मशार करने वाली घटना पर संज्ञान लेकर उचित कार्यवाई करने का निर्देश दिया है।

## अनूपपुर अमरकंटक मार्ग में छीरापटपर के समीप सजहा के ऑटो और नफीस बस में जबर्दस्त भिडंत तीन की मौत 5 घायल

### बस ऑटो में जबरदस्त टक्कर, 3 की मौत, 5 घायल अस्पताल में भर्ती






**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के किरर गांव में बस और ऑटो की जोरदार भिड़ंत से ऑटो में सवार दो महिला एवं एक पुरूष की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं 5 घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। घटना की सूचना पर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जिला चिकित्सालय पहुंच कर घायलों का हालचाल जाना और चिकित्साको को इलाज के निर्देश दिये। जानकारी अनुसार सुबह 11 बजे नफीस बस क्रमांक एमपी 18 जेड एफ 9786 जो शहडोल से डिंडौरी जा रहीं थी इसी दौरान ग्राम किरर के पास ऑटो क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3401 ग्राम बडहर से अनूपपुर आ रहा जो सीधे बस से जा टकराया ऑटो में 8 लोग सवार थे घटना में 3 लोगों की मौक पर ही मृत्यु हो गई। वहीं 4 घायलों के नाम समाने आये हैं। जबकि घायलो की संख्याा 5 बताई जा रहीं हैं। मृतकों में 40 वर्षीय राम कुमार पिता दशरथ सिंह गोड़, 40 वर्षीय सूरजवती पति सुरेश गोड़ एवं 40 वर्षीय मोहबती पति जगन्नाथ गोड़ तीनो निवासी ग्राम बड़हर हैं। घायलों में 65 वर्षीय माधव सिंह पिता रामा, अमित चौधरी पिता कतकु, दुगावती पति बालकरण गोड तीनो निवासी ग्राम बड़हर 45 वर्षीय छोटेलाल उर्फ लल्लू यादव ग्राम पिता कठा ग्राम खोह एवं राजबती निवासी धनपुरी शहडोल निवासी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया हैं। जहां इलाज जारी हैं। पुलिस मार्ग कायम कर पूरे मामले कि जांच में जुट गयी है, यह हादसा किस वजह से हुआ पुलिस की जांच के बाद सच सामने आ जायेगा।

## सूखते जल स्रोत, हैंडपंप उगलते हैं हवा,पेयजल की की समस्या

**अनूपपुर।** जिले के अंतिम क्षेत्र में बसे राजनगर,रामनगर,डोला आमाडांड,बरतराई जहां खुली एवं भूमिगत खदान संचालित है जिसकी वजह से यहां का भू जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। जल स्रोत जैसे कुआं तालाब गर्मी आते ही सूखने लगते हैं जिसकी वजह से लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। खदानें संचालित होने की वजह से यहां लगने वाले हैंडपंप पानी की जगह हवा उगलते हैं तथा बोर भी उतने सफल नहीं हो पाते हैं जिसकी वजह से लोगों को पीने योग्य तक पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है ।यह स्थिति गर्मी के मौसम आते ही और ज्यादा भयावह हो जाती है लोगों के सामने पीने तक के पानी की व्यवस्था करने के लिए सोचना पड़ता है

**खान प्रबंधन की बेरुखी ने लोगों को एक बूंद पानी के लिए तरसने को किया मंजूर:** क्योंकि इस क्षेत्र में दर्जनों कोयल की खान संचालित है जिससे नियमत: कॉलरी प्रबंधन का दायित्व बनता है कि इन क्षेत्रों में बिजली,पानी की व्यवस्था करवाई जाए लेकिन खान प्रबंधन द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जाता है। जिसकी वजह से लोगों के सामने जल संकट उत्पन्न हो जाता है गर्मी का मौसम आते ही कॉलरी प्रबंधन द्वारा पानी के टैंकरों के माध्यम से लोगों को जल की आपूर्ति किया जाना चाहिए लेकिन पिछले कई वर्षों से खान प्रबंधन ने पानी के टैंकर देना बंद ही कर दिया है, और सूखते जल स्रोत लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसते को मजबूर कर दे रहे हैं जबकि अप्रैल आते ही पानी के टैंकर के माध्यम से जल की आपूर्ति करवाना खान प्रबंधन का कर्तव्य होता है लेकिन खान प्रबंधन द्वारा समय पर टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई के लिए टेंडर नहीं डाला जाता है जिसकी वजह से लोगों को अत्यधिक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

# गया प्रसाद संगठन के महासचिव नियुक्त





**पत्रकार बीआर अहिरवार शाहगंज।** सर्व समाज जन सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल यादव द्वारा गया प्रसाद अहिरवार को सर्व समाज जन सेवा संगठन के मध्य प्रदेश का महासचिव पद पर नियुक्त किया गया. उनकी नियुक्ति पर संगठन द्वारा इनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

# डॉ बाबासाहेब 134 में जयंती पर किया जा रहा भव्य रैली

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

शहडोल/जयसिंहनगर – संविधान निर्माता भारत रत्न परम पूज्य बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर जयसिंहनगर में किया जा रहा भव्य कार्यक्रम को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जयसिंहनगर कार्यक्रम मे विशाल बाईक रैली निकाली जाएगी जो की जयसिंहनगर के विभिन्न गाँवो के मुख्य स्थानों से हो कर गुजरेंगी और रैली के समाप्त होने के बाद मंच कार्यक्रम की भी ब्यवस्था की गई है। मंच के कार्यकम में क्षेत्र के वरिष्ठ बहुजन समाजसेवी अपनी बात क्षेत्रवासियों के सामने रखेंगे।




**कार्यक्रम स्थल - सी.एम. राइज स्कूल मैदान जयसिंहनगर**

# बनगवां राजनगर में पानी के लिए मचा त्राहि त्राहि, लोगों ने उपक्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय का किया घेराव

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर /राजनगर

जल ही जीवन है जल के बिना मानव जीवन की कल्पना करना भी बेमानी होगा ।जल मानव जीवन का वह अभिन्न हिस्सा है जिसके बिना मानव सभ्यता से लेकर मानव जीवन तक की सोचना भी बेमानी है ।मानव शरीर की संरचना में भी जल एक महत्वपूर्ण घटक है। कटते पेड़ और बदलते पर्यावरण संतुलन की वजह से जल का संकट पूरे विश्व में मंडराने लगा है ।गर्मी का मौसम आते ही पानी की कमी साफ देखी जा सकती है भूजल का गिरता स्तर एक गंभीर संकट को उत्पन्न कर रहा है जिसकी वजह से लोगों को पानी की उपलब्धता धीरे-धीरे कम होती जा रही है। भारत में कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पीने योग्य पानी की ही नहीं बल्कि भूजल स्तर नगण्य होता जा रहा है आने वाले समय में विश्व युद्ध हो ना हो लेकिन जल के लिए युद्ध होना कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।

# जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में अनियमितताएं पाए जाने पर नोटिस जारी



अनूपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार औषधि निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ एनकोर्ड के तहत दिए गए गाइडलाइन के पालन हेतु तथा नारकोटिक दवाओं के दुरुपयोग को रोकने हेतु एवं मेडिकल स्टोर्स के नियमानुसार सुचारु रूप से संचालन हेतु जिले में मेडिकल स्टोर्स का सतत् रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के 9 मेडिकल स्टोर्स में विभिन्न अनियमितताएं पाई गईं।

# आग से जला बाइक व टायर, फायरमैन मौके से रहे नदारद, अन्य कर्मचारियों ने पाया आग पर काबू

## नगरपरिषद की बड़ी लापरवाही, हो सकती थी बड़ी घटना

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

**अनूपपुर।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद डोला के वार्ड न.8 में आग लगने से बाईक सहित लाखो का सामान जलकर हुआ राख। वहीं लोगों की मदद से घर में रखे सामान को बाहर कराया गया, साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्ष को भी आग लगने की जानकारी दी गई, जिस पर मौके पर पहुंचे डोला अध्यक्ष प्रतिनिधि रीनू सुरेश कोल उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी पार्षद सहित डोला दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन रुम में रखी बाईक व ट्रकों के टायरो में आग लगने की वजह से आग की लपटें तेज हो गई थीं। जिस पर बंनगवा अध्यक्ष यशवंत सिंह को भी आग की जानकारी दी गई जिस पर उनके द्वारा भी अपनी परिषद के दमकल की टीम को मौके स्थल पर रवाना किया गया, वहीं नगर परिषद डोला मस्टर कर्मचारी व नगर परिषद बंनगवा मस्टर कर्मचारियों द्वारा





कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**फायरमैन ड्यूटी कर्मचारियों ने बनाई दूरी:** मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोला राजेश मार्को द्वारा न्यायालय के आदेश पर 7 अप्रैल 2025 को समस्त कर्मचारियों को कार्य आवंटन किया गया था जिसकी कॉपी अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित डोला नगर परिषद के नोटिस बोर्ड पर भी चश्पा की गई थी। लेकिन आज देखा गया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 6 से 2 बजे लगाई गई थी वह महिला कर्मचारी सहित फायरमैन वाहन चालक भी अपने ड्यूटी से नदारद रहे हैं। अब देखना है कि प्रशासन इन पर कार्यवाही करती है या अभयदान देती हैं।

**कर्मचारियों ने सम्हाला मोर्चा आग पर पाया काबू:**

नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आग जनी जैसी गंभीर मामलों पर उन कर्मचारियों की लापरवाही है जिनकी सुबह ड्यूटी लगी थी, आज इनकी लापरवाही से एक गरीब का घर जलकर राख हो गया। नगर परिषद डोला से अंकिता नामदेव, शशिबाला, श्रीदेवी त्रिपाठी, नमिता अग्रवाल के साथ ही वाहन चालक की ड्यूटी सुबह 6 से 2 बजे व नगर परिषद बंनगवा से चालक रवि चौगले फायरमैन रोहित भारती, राज कलशा की ड्यूटी रात्रि 12 से सुबह 8 बजे थी, लेकिन सभी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे। आग लगातार बढ़ते ही जा रही थी साथ ही पड़ोस के घर तरफ बढ़ रही थी। जिसे नगर के लोगों द्वारा सुनील गुप्ता के घर का सामान बाहर कराया गया जिससे अन्य रुम में रखे सामनों को बचाया गया। डोला परिषद के मस्टर कर्मचारी रिंकू दुबे, बबन, ओमप्रकाश,प्रशांत कोल ,अनुज नाहर,शनि खरे व नगर परिषद बंनगवा के मस्टर कर्मचारियों मे धनजय यादव, अखंड प्रताप सिंह, अजय शंकर उपाध्याय, अभिलेष विश्वकर्मा द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)